BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

एक्सप्लोर ब्रैम्पटन यूथ पास के लिए आवेदन अब खुल गए हैं

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 मार्च, 2023) – एक्सप्लोर ब्रैम्पटन यूथ पास (Explore Brampton Youth Pass) के साथ, इस गर्मी ब्रैम्पटन में घूमें और सक्रिय रहें।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ब्रैम्पटन के 12 से 16 वर्ष के निवासियों के लिए 2,000 एक्सप्लोर ब्रैम्पटन यूथ पास पेश कर रही है। पास वाले व्यक्तियों का ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit) पर किराया मुफ्त होगा और उनकी ब्रैम्पटन रेक्रिएशन के चुनिंदा ड्रॉप-इन (बिना बुक किए) प्रोग्रामों तक मुफ्त पहुंच होगी, इनमें शामिल हैं, तैराकी, स्केटिंग और चुनिंदा स्पोर्ट्स।

एक्सप्लोर ब्रैम्पटन यूथ पास के आवेदन फार्म आज खुल रहे हैं। ये पास 1 जुलाई से 4 सितम्बर, 2023 तक वैध हैं।

2022 में, सिटी काउंसिल (City Council) ने, पूरी सिटी के युवाओं हेतु पहुंच और अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से, पायलट प्रोग्राम की पुष्टि की थी। फिटनेस तैराकी और बास्केटबॉल जैसे तीन बड़े रेक्रिएशन ड्रॉप-इन प्रोग्रामों के साथ, 1,200 से अधिक आवेदनों को मंजूरी दी गई थी।

एक्सप्लोर ब्रैम्पटन यूथ पास के बारे में अधिक जानकारी और आवेदन करने के लिए, यहां क्लिक करें (click here)।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को युवाओं की वृद्धि और विकास के अवसरों के लिए इसकी शानदार प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया है, इसे बीते वर्षों में तीन बार, प्ले वर्क्स (Play Works) के द्वारा प्लैटिनम स्टेटस यूथ फ्रेंडली कम्युनिटी (Platinum Status Youth Friendly Community) पदवी प्राप्त हुई है, जो पार्क्स एंड रेक्रिएशन ओनटैरियो (Parks and Recreation Ontario) की हिमायत वाला प्रोग्राम है।

हवाले

"यह प्रोग्राम, स्वस्थ, खुशहाल और संपन्न शहर बनाते हुए, हमारी कम्युनिटी में युवाओं के लिए पहुंच और अवसर बढ़ाने के बारे में है। हम जानते हैं कि खेलों और मनोरंजन तक पहुंच की अनुमति देने के लिए, सक्रिय ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क बनाने और रुकावटों को दूर करने से, ऐसी आदतें पैदा करने और संबंध जोड़ने में मदद मिलती है, जिनका युवाओं के जीवन पर लंबे समय तक असर होता है।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सुरक्षित और स्वस्थ कम्युनिटी बनाने हेतु सुलभ प्रोग्रामिंग के लिए प्रतिबद्धता जरूरी है और एक्सप्लोर ब्रैम्पटन यूथ पास इस प्रतिबद्धता की हिमायत करता है। सिटी में हमारे सभी रेक्रिएशन सेंटरों में बहुत कुछ पेश किया जाता है। ब्रैम्पटन का हर कोना,

अवसरों से भरपूर है, चाहे नई टीम ढूंढनी हो, तैराकी, स्केटिंग, हाइकिंग या बाइकिंग करनी हो। हमारा एक असाधारण ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क भी है, हम हमारी कम्युनिटी को जोड़ते हुए और संभावना प्रदान करते हुए इस पर निर्भर करते हैं।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca